संविधान के खिलाफ काम कर रही केंद्र एवं प्रदेश सरकार-चंद्रशेखर

२०२७ के विधानसभा चुनाव में सरकार बदलने का किया आह्वान, २६ नवम्बर की महारैली में जुटने की अपील

फूलपुर (प्रयागराज)। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने सोमवार को फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के भुलई का पूरा मेला मैदान में आयोजित बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने संविधान, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और किसानों के मुद्दे उठाते हुए कार्यकर्ताओं से आगामी २०२७ के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि संविधान ने प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों की रक्षा करने का हक दिया है। इसी के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के हितों की रक्षा संभव है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकारों पर संविधान के खिलाफ काम करने तथा लोगों के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया। प्रदेश सरकार को किसान और बेरोजगार विरोधी बताते हुए उन्होंने २०२७ के विधानसभा चुनाव में उसे सत्ता से हटाने की अपील की।

महिलाओं को ५० हजार रुपये देने की सरकार की घोषणा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान में एक लाख रुपये दिये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनने पर इस योजना को आगे बढ़ाया जायेगा। शिक्षा व्यवस्था में असमानता, स्कूलों के बंद होने, स्वास्थ्य सेवाओं, सड़कों और रोजगार के मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया।

पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संघटन की मजबूती उसकी मजबूत बुनियाद पर निर्भर करती है। कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है, क्योंकि कार्यकर्ता स्थायी होते हैं, जबकि नेता आते-जाते रहते हैं। उन्होंने संविदा कर्मियों, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षामित्रों, ग्राम रोजगार सेवकों, समूह सखियों, रसोइयों, पुलिसकर्मियों और पीआरडी जवानों की समस्याएं उठाते हुए उनकी लड़ाई लड़ने का भरोसा दिलाया।

पंचायत चुनाव समय से नहीं कराये जाने पर भी उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। साथ ही कार्यकर्ताओं से २६ नवंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाली बहुजन स्वराज संकल्प महारैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। सम्मेलन में फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी प्रत्याशी एवं आयोजक शाहिद अख्तर खान, प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़, अनिल कुमार, अशोक कुमार, महेंद्र गौतम, राशिद खान, डा. निसार अहमद और बृजेश कुमार यादव सहित अन्य लोगों ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।



बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में बोलते आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद एवं उपस्थित भीड़।

फर्जी दस्तावेज से जमीन हड़पने का आरोप, मौसी और उसके बेटे पर एफआईआर

एसीजेएम-१५ के आदेश पर नैनी थाने में दर्ज हुआ मुकदमा, जमीन कब्जाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

नैनी (प्रयागराज)। जमीन विवाद में मौसी और उसके बेटे पर कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने का आरोप लगा है। मामले में एसीजेएम-१५ के आदेश पर नैनी थाने में एफआईआर दर्ज की गयी है।

महेवा पुरवा पट्टी निवासी फरियादी अरशद हुसैन का आरोप है कि वर्ष १९८० में उनकी मां और मौसियों ने भूमि संख्या २३४/१ खरीदी थी। बाद में मई २००१ में उनकी मौसी आलिया बेगम ने ४५ हजार रुपये लेकर अपने हिस्से की जमीन का बैनामा उनके नाम कर दिया था। इस संबंध में हाईकोर्ट में शपथपत्र भी दिया गया था। आरोप है कि आलिया बेगम के बेटे रिजवान अहमद ने उनसे १० लाख रुपये की मांग की। रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी के मुताबिक, सितंबर २०२५ में रिजवान अपनी मां को करछना ले गया और कथित तौर पर धमकाकर अपने पक्ष में फर्जी दानपत्र तैयार करा लिया।

अरशद हुसैन का आरोप है कि जून २०२६ में जब वह प्लाट की सफाई करा रहे थे, तभी रिजवान तीन साथियों के साथ वहां पहुंचा। उसने जमीन में हिस्सा नहीं देने पर उसी भूमि में दफन कर देने की धमकी दी।

पीड़ित के अनुसार, नैनी थाने में सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने ९ जुलाई को पुलिस आयुक्त को प्रार्थनापत्र दिया। इसके बाद भी कारर्वाई नहीं होने पर अदालत में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा १७३(४) के तहत अर्जी दी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मतदाता सूची में गड़बड़ी मिली तो जिम्मेदार अधिकारियों पर होगी कारवाई

एसडीएम ने सुपरवाइजरों और बीएलओ के साथ बैठक कर दिये सख्त निर्देश, दोहरी प्रविष्टि रोकने पर जोर

मेजारोड (प्रयागराज)। मतदाता सूची में नामों की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने तहसील सभागार में सुपरवाइजरों और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं कटना चाहिए और किसी मतदाता का नाम दो बार दर्ज नहीं होना चाहिए। सूची में लापरवाही या गड़बड़ी मिलने पर संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कारवाई की जायेगी।

बैठक में एसडीएम ने एआरओ और सुपरवाइजरों को निर्देश दिया कि सभी बीएलओ अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं से फार्म-६ भरवाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि नाम जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया पूरी सावधानी से की जाए। एसडीएम ने फार्म-७ भरने में विशेष सतर्कता बरतने पर जोर देते हुए कहा कि मतदाता से संपर्क कर वास्तविक जानकारी प्राप्त करने और उचित सत्यापन के बाद ही आवश्यक कारवाई की जाए। बिना समुचित सत्यापन किसी मतदाता का नाम हटाने की कारवाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पूरे विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक मतदाता का नाम केवल एक ही स्थान पर दर्ज रखने के निर्देश दिए, ताकि दोहरी प्रविष्टि की समस्या न हो। उन्होंने डीएसी और पीएसी के माध्यम से सामने आने वाली विसंगतियों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निस्तारण करने को भी कहा। एसडीएम ने चेतावनी दी कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित बीएलओ, सुपरवाइजर और एआरओ के खिलाफ कारवाई की जायेगी। बैठक में तहसीलदार मेजा अभिषेक तिवारी, नायब तहसीलदार नंदलाल, नायब तहसीलदार ललतारा चंदन पाल, लेखपाल पंकज यादव सहित अन्य अधिकारी और बीएलओ मौजूद रहे।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़न्त में युवक की मौत

१५ दिन पहले मुंबई से घर लौटा था प्रमोद, बनवा रहा था मकान, हो चुकी थी सगाई

उतरांव (प्रयागराज)। सराय ममरेज थाना क्षेत्र के देवदहना लाल छहा गांव निवासी २५ वर्षीय प्रमोद कुमार की सड़क हादसे में मौत हो गयी। रविवार शाम बलीपुर बाजार से घर लौटते समय दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। हादसे में प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका एक साथी भी चोटिल हुआ। गंभीर हालत में प्रमोद को प्रयागराज रिफर किया गया, जहां रविवार रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, प्रमोद कुमार पुत्र अमर बहादुर उर्फ कटारी अपने साथियों के साथ दो बाइकों से बलीपुर बाजार गया था। वहां से घर लौटते समय रास्ते में दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गयी। हादसे में प्रमोद को गंभीर चोटें आईं। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने प्रयागराज रिफर कर दिया। देर रात उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। प्रमोद मुंबई की एक कंपनी में मजदूरी कर परिवार की आर्थिक मदद करता था। वह करीब १५ दिन पहले ही मुंबई से घर लौटा था। इसके बाद अपने मकान का निर्माण करवा रहा था। परिवार को उम्मीद थी कि घर बनने के बाद खुशियों के दिन आएंगे, लेकिन हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। प्रमोद की सगाई भी हो चुकी थी और परिजन उसके भविष्य को लेकर कई सपने संजोए हुए थे। प्रमोद चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था। परिवार में उसकी बहन पूजा देवी और भाई सुरेंद्र, हिमांशु तथा दिव्यांशु हैं। उसके पिता अमर बहादुर और मां जड़ावती देवी खेती-किसानी करते हैं। बेटे की असमय मौत से माता-पिता और भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार में जिस बेटे को मकान बनवाते और जीवन की नयी शुरुआत करते देखने की उम्मीद थी, उसकी मौत से सभी सपने अधूरे रह गये।

मुक्त विश्वविद्यालय में स्क्रूटनी के लिए आवेदन आज तक

फाफामऊ (प्रयागराज)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने जून-२०२६ की परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। परीक्षा में प्राप्त अंकों से असंतुष्ट छात्र अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की स्क्रूटनी कराने के लिए २७ अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डा. प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि परीक्षार्थी स्क्रूटनी शुल्क और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

सेहुंडा की रामलीला में मिथिला दर्शन और फुलवारी प्रसंग ने मोहा मन

५२ वर्षों से जारी है परम्परा, मीना बाजार और राम-सीता मिलन देखने उमड़े ग्रामीण



बारा (प्रयागराज)। विकासखंड बारा के सेहुंडा गांव में बीते ५२ वर्षों से आयोजित हो रही ऐतिहासिक रामलीला में रविवार रात मिथिला नगर दर्शन, मीना बाजार और फुलवारी प्रसंग का मनोहारी मंचन किया गया। देहाती संसाधनों एवं पारंपरिक कला से सजे मीना बाजार और भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के प्रथम मिलन के दृश्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण देर रात तक जमे रहे। कलाकारों के भावपूर्ण अभिनय और संवादों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं, वहीं जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा मेला परिसर भक्तिमय बना रहा। आयोजकों ने बताया कि लीला के अगले क्रम में सोमवार रात धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का भव्य मंचन किया जायेगा।

घरेलू कलह में पति ने पत्नी की गला दबाकर की हत्या, गिरफ्तार

फाफामऊ (प्रयागराज)। मलाक हरहर स्थित मंदाकिनी कालोनी में रविवार रात घरेलू कलह को लेकर हुए विवाद में पति ने कथित तौर पर पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, मूल रूप से नवाबगंज थाना क्षेत्र के सराय जयराम गांव निवासी रमेशचंद्र एलआईसी में विकास अधिकारी हैं। वह फाफामऊ के मलाक हरहर स्थित मंदाकिनी कालोनी में मकान बनवाकर परिवार के साथ रहते हैं। आरोप है कि रविवार रात करीब १० बजे घरेलू विवाद के दौरान रमेशचंद्र ने अपनी ४२ वर्षीय पत्नी तारा देवी की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के समय उनके तीन बेटे पीयूष (१७), आयुष (११) और आरुष (४) मौजूद थे। घटना के बाद बच्चों में चीख-पुकार मच गयी। मृतका के पिता श्याम बिहारी ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को ससुराल में आए दिन प्रताड़ित किया जाता था। उन्होंने दामाद रमेशचंद्र, जेठ कमलेश कुमार और उनकी पत्नी, देवर राजेश कुमार और उनकी पत्नी तथा जेठ के बेटे सतीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद पति ने हत्या को आत्महत्या बताने की सूचना दी थी।

धूमधाम से मनायी गयी महर्षि वाल्मीकि जयंती

लालगोपालगंज (प्रयागराज)। जिलेभर में सोमवार को आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर शृंग्वेरपुरधाम सहित विभिन्न मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। वहीं, नैनी के अरैल स्थित साहित्य तीर्थ में महापौर ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और सफाई मित्रों को सम्मानित किया।

शृंग्वेरपुरधाम में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश शासन, जिला प्रशासन और अखिल भारतीय रामायण मेला समिति के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के पीठाधीश्वर स्वामी चिदानंद मुनि महाराज मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान श्रृंगी ऋषि एवं माता शांता का पूजन, गंगा पूजन और आरती की गयी। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण का पाठ, भजन और दीप प्रज्वलन भी हुआ। कार्यक्रम में हनुमानगढ़ी अयोध्या धाम के कमलनयन महाराज, अतुल महाराज, माधव महाराज, सांसद प्रवीण पटेल, फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य और अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल भंवरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आयोजन में रामायण मेला समिति के सचिव उमेश चंद द्विवेदी का विशेष सहयोग रहा।

इसी क्रम में नैनी के अरैल स्थित साहित्य तीर्थ में महापौर ने पार्षदों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने सफाई मित्रों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर लेटे हनुमान जी मंदिर, गोहरी रोड स्थित हनुमान मंदिर, सोरांव, रामजानकी मंदिर सिरसा मेजा और महर्षि वाल्मीकि मंदिर लकटहा पनासा सहित अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। शृंग्वेरपुरधाम के कार्यक्रम का संयोजन क्षेत्रीय अभिलेख अधिकारी राकेश कुमार वर्मा ने किया।

करण्ट से मजदूरकी मौतके मामले में ठेकेदार और भवन स्वामीपर केस दर्ज

पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा शव, आज होगा अंतिम संस्कार

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के जायेगीपुर ग्राम सभा के मझियारी गांव निवासी शिव प्रकाश पटेल (२०) की करंट की चपेट में आने से मौत के मामले में पुलिस ने ठेकेदार और भवन स्वामी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। देर शाम शव पहुंचने के कारण मंगलवार सुबह फाफामऊ घाट पर अंतिम संस्कार किया जायेगा। मृतक के पिता सुनील पटेल के अनुसार, उनका बेटा रविवार सुबह ठेकेदार के कहने पर फतेहशाह का पूरा गांव स्थित एक नवनिर्मित भवन में पेंटिंग करने गया था। आरोप है कि भवन में लोहे की ग्रिल के पास लापरवाही से बिजली का तार खुला छोड़ दिया गया था। इसी दौरान शिव प्रकाश करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद पिता सुनील पटेल ने ठेकेदार और भवन स्वामी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने बालाडीह (जाजापुर) ग्राम सभा निवासी ठेकेदार राजेंद्र सरोज और भवन स्वामी सर्वजीत उर्फ पप्पू यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। घटना के बाद मृतक के घर पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। मऊआइमा थाना प्रभारी निरीक्षक के अवकाश पर होने के कारण सेकेंड इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है। अंतिम संस्कार होने तक मृतक के घर पर पुलिस तैनात रहेगी।

सूचना-मेरा इलाहाबाद विश्वविद्यालय बी0ए0 वर्ष 2011 इनरोलमेन्ट D 0821059 का माइग्रेशन प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। विजय प्रताप पुत्र हीरा लाल ग्राम-हथियाराम पो.-बुधानपुर जिला-गाजीपुर

सूचना-मेरा जे0एस0 विश्वविद्यालय शिकोहाबाद B.Sc एग्रीकलचर वर्ष 2019-2020 अनुक्रमांक 191110014588 इनरोलमेन्ट नं0 15191110819 के सभी सेमेस्टर का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। तरुण विश्वकर्मा पुत्र अजय बहादुर विश्वकर्मा पता-265/14क शंकरघाट तेलियरगंज इलाहाबाद

सूचना- मेरा शुआट्स यूनिवर्सिटी, प्रयागराज द्वारा निर्गत बी0ए0 तृतीय वर्ष 2014, इनरोलमेंन्ट नं-G-1135105855 की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गया है। अमित कुमार पुत्र-सन्तराम नि0-हिसार, हरियाणा

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक 3019651 का अंकपत्र यूपी बोर्ड कहीं खो गया है। प्रद्युम्न पुत्र देवीप्रसाद निवासी भैंसहारामपुर, प्रेमकापुरा, सुजानगंज, जौनपुर

सूचना- मेरा शुआट्स यूनिवर्सिटी, प्रयागराज द्वारा एम0ए0, प्रथम व द्वितीय वर्ष (2015-2017) इनरोलमेन्ट नं0-G-1155205127, की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गयी है। इन्द्रजीत कुमार पुत्र-शेष नारायण प्रसाद नि0-पटना बिहार

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मेरा हाई स्कूल परीक्षा सन 2010 अनुक्रमांक 1721306 का अंक पत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। खुशबू पुत्री निर्मला देवी व गुलाब सिंह निवासी नोनमई ,थाना रैपुरा ,जिला चित्रकूट उत्तर प्रदेश

सूचना

सर्वविदित हो कि मैं रवि प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री हरी प्रसाद गुप्ता व कृष्णा गुप्ता पत्नी रवि प्रसाद गुप्ता निवासी-100ए, रामानन्द नगर अल्लापुर प्रयागराज। हमने अपने पुत्र विकास मोहनिया व पुत्रवधू खुशबू गुप्ता का आचरण ठीक नहीं है, आये दिन हम लोगों से वाद-विवाद एवं मारपीट करते हैं, इन्हीं कारणों से क्षुब्ध होकर हम अपने पुत्र व पुत्रवधू को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सभी सम्बन्ध विच्छेद करते हैं।

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष 2026 अनुक्रमांक 26504350 का अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है । अरशद पुत्र अफजल हुसैन अंसारी निवासी-ग्राम केशव रायपुर पोस्ट-धोबहा हण्डिया, प्रयागराज

प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज की जयंती पर कृष्ण जन्मोत्सव की धूम

भागवत कथा और रासलीला में कंस के अत्याचार से लेकर श्रीकृष्ण के प्राकट्य तक का भावपूर्ण मंचन

झूंसी (प्रयागराज)। श्री राधा-कृष्ण की भक्ति और सनातन संस्कृति की आध्यात्मिक छटा के बीच सोमवार को श्री संकीर्तन भवन धार्मिक न्यास (ट्रस्ट) में व्यासावतार श्री प्रभुदत्त



ब्रह्मचारी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भागवत चारित्र सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं सप्तदिवसीय श्री रासलीला के दूसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की धूम रही। भगवान श्रीराधा-कृष्ण के पूजन और आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। भागवत कथा और रासलीला के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

ब्रह्मचारी महाराज के अनन्य कृपापात्र स्वामी दयानंद महाराज तथा ट्रस्ट की मंत्री रजनी मेहरोत्रा, नरेश सिंगला और डा. सियाराम त्रिपाठी ने भगवान श्रीराधा-कृष्ण का पूजन-अर्चन कर आरती की। इसके बाद भागवत कथा में कंस के अत्याचार, वासुदेव-देवकी की संतानों के वध और भगवान श्रीबलराम के रोहिणी के गर्भ से प्राकट्य का प्रसंग सुनाया गया। कथावाचक ने बताया कि जब धरती पर अधर्म और अत्याचार बढ़ने लगे, तब भक्तों की रक्षा और धर्म की पुनर्स्थापना के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें पुत्र के रूप में अवतार लिया। भगवान के प्राकट्य के बाद वासुदेव जी द्वारा उन्हें कारागार से यमुना पार कर गोकुल में नंद बाबा के यहां पहुंचाने और वहां से योगमाया को लेकर लौटने का प्रसंग रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। कंस द्वारा योगमाया को धरती पर पटकने का प्रयास करने पर उनके हाथ से निकलकर आकाश में प्रकट होने और विंध्यवासिनी देवी के रूप में प्रतिष्ठित होने का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर डा. वीर भद्रमणि पाठक, डा. विद्याधर द्विवेदी, डा. जीपी शुक्ला, संदीप केसरवानी, अधिवक्ता लक्ष्मण त्रिपाठी, डा. श्रीकृष्ण त्रिपाठी, रमन शर्मा, सुनीता शर्मा, दीपक जोशी, रामजी त्रिपाठी, प्रीतम, रेखा खरे, बसंत, भरत त्रिपाठी, सौरभ, आदित्य, अमन, आचार्य ओमप्रकाश और प्रेमलाल मिश्र सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आजका मुहूर्त

दिनांक- २७ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ तुला राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- कार्तिक कृष्ण पक्ष
तिथि- प्रतिपदा दिन में ०८.२७ तक उपरान्त द्वितीया।
वार- मंगलवार
नक्षत्र- भरणी सायंकाल ०६.१९ तक उपरान्त कृत्तिका।
राशि- मेष रात्रि १२ बजे तक उपरान्त वृष
सूर्योदय- ०६.२५ बजे
सूर्यास्त- ०५.३५ बजे
राहुकाल- दिन में ०३ बजे से ४.३०
भद्रा- नहीं है।
मुहूर्त- मंगलवार को इष्टिका दहन एवं शस्त्र निर्माण का मुहूर्त है।
विशेष- कार्तिक में निन्य यमुना स्पान और दीपदान करें। साथ में दाल और मट्ठा का त्याग करें। उड़द और पत्तेवाली सब्जी का प्रयोग आरम्भ करें। यमराज की प्रसन्नता के लिए सायंकाल चतुर्मुख दीपक दरवाजे पर जलाये, यम तर्पण करें।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर, दो गंभीर

कौंधियारा (प्रयागराज)। कौंधियारा थाना क्षेत्र के सभऊ का पूरा गांव के पास सोमवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो लोगों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौंधियारा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को वाहन सहित हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार, खीरी थाना क्षेत्र के पिपरांव निवासी किन्ना लाल पुत्र राम दुलार और धधुआ निवासी गिरजा शंकर पुत्र शोभा लाल सोमवार को बाइक से निजी काम के सिलसिले में कौआ की ओर जा रहे थे। सभऊ का पूरा गांव के पास मोड़ देखकर उन्होंने बाइक की रफ्तार धीमी की, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जा रहा है कि एक के सिर में गंभीर चोट लगी, जबकि दूसरे के पैर में चोट आई है। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। ग्रामीणों ने डायल ११२ और एंबुलेंस को सूचना दी। बताया गया कि ट्रैक्टर चालक धधुआ गांव में ईंट गिराने के बाद औद्योगिक थाना क्षेत्र के देवरी स्थित ईंट भट्ठे पर लौट रहा था। इसी दौरान दुर्घटना हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ट्रैक्टर चालक को वाहन सहित कौंधियारा थाने ले गयी। पुलिस मामले में आवश्यक कारवाई कर रही है।

दीपोत्सव एवं छठ पूजा को लेकर झूंसी पुलिस अलर्ट, बैंकों-एटीएम की जांची सुरक्षा


झूंसी (प्रयागराज)। दीपोत्सव एवं छठ पूजा पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए झूंसी पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर झूंसी थाना कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर नरेश कश्यप के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा जांच अभियान चलाया।

इस दौरान आवास विकास कालोनी, नयी झूंसी, अंदावा, त्रिवेणीपुरम, लीलापुर रोड और छतनाग सहित विभिन्न इलाकों में बैंकों और एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था परखी गयी। पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच-पड़ताल भी की। झूंसी कोतवाली प्रभारी नरेश कश्यप ने बैंक प्रबंधकों से बातचीत कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियां बरतने को कहा। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। प्रभारी नरेश कश्यप ने बताया कि दीपोत्सव के मद्देनजर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। बैंकों, एटीएम और भीड़भाड़ वाले प्रमुख स्थानों पर निगरानी रखी जा रही है। त्योहार के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा जांच अभियान जारी रहेगा।



जनगणना प्रशिक्षण से ३३ अध्यापक नदारद, एडीएम ने जतायी नाराजगी

हंडिया के बरौत स्थित डिग्री कालेज में औचक निरीक्षण, अनुपस्थित शिक्षकों पर कारवाई के निर्देश



हंडिया (प्रयागराज)। आगामी जनगणना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गयी हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में जिले की सभी तहसीलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इसी क्रम में सोमवार को हंडिया तहसील क्षेत्र के बरौत स्थित महेंद्र कुमार छोटेलाल बिंद डिग्री कालेज में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ३३ अध्यापक अनुपस्थित मिले। इस पर एडीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कारवाई के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ने उपस्थिति पंजिका सहित प्रशिक्षण से जुड़े अभिलेखों की जांच की। उन्होंने जनगणना जैसे महत्वपूर्ण शासकीय कार्य में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित शिक्षकों के खिलाफ आवश्यक कारवाई सुनिश्चित करने और इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलेगा। इसके तहत करीब ३००० कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रतिदिन लगभग ६०० कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए २४ प्रशिक्षकों की व्यवस्था की गयी है। प्रशिक्षक कर्मचारियों को जनगणना की प्रक्रिया, आंकड़ों के संकलन और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने की जानकारी दे रहे हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य को पारदर्शी, व्यवस्थित और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराना है।

एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण की नियमित निगरानी करने और कर्मचारियों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार विनय कुमार बरनवाल तथा खंड शिक्षा अधिकारी प्रभा शंकर पांडेय उपस्थित रहे।

शृंग्वेरपुरधाम के पर्यटक सुविधा केंद्र की व्यवस्था पर उठे सवाल

लालगोपालगंज (प्रयागराज)। धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण शृंग्वेरपुरधाम में पर्यटक सुविधा केंद्र की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शरद पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच ठहरने की उचित व्यवस्था नहीं मिलने से दूर-दराज से आए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सोमवार को केंद्र के अंदर ठहरने की अनुमति नहीं मिलने पर कुछ स्थानीय ग्रामीणों को परिसर की बाउंड्री के पास बैठकर भोजन बनाना पड़ा। इसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गयी। हालांकि, स्थानीय लोगों की तत्परता से आग पर काबू पाने में मदद मिली और बड़ा हादसा टल गया।

क्षेत्रीय कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)

राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0
नवीन मण्डी स्थल मुण्डेरा, अतिथि गृह, कानपुर रोड प्रयागराज
(E-mail Id-mandiparishadallad@gmail.com)

पत्रांक : नि0- 10/नि0प्र0पत्रा0/शुद्धि-पत्रां/2026-1587 दिनॉक 24/10/2026

ई-निविदा शुद्धि-पत्र

इस कार्याल के पत्रांकःनि0-10/नि0प्र0पत्रा0/2026-1485 दिनांकः12.10.2026 द्वारा प्रकाशित निविदा दिनांक 27.10.2026 को आमंत्रित की गयी है जो अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा को दिनांक 04.10.2026 के अपरान्ह 12.30 बजें तक आमंत्रित की जाती है, शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

उप निदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद प्रयागराज

पत्रांक : नि0- 10/नि0प्र0पत्रा0/2026-1588 दिनॉक 24/10/2026

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः- वरि.म.बि.इजि0/चलस्टाक/वि.लो.शेड/कानपुर/2026-27/आर.ई.टी.-09
दिनांकः 26.10.2026

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता, चल स्टाक उत्तर मध्य रेलवे, अनवरगंज, कानपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा में आमन्त्रित की जाती है, जो कि निविदा खुलने की तारीख एवं समय तक प्राप्त की जायेंगी। निविदा विवरण निम्न प्रकार हैः-

निविदा सं.: ELS-CNB-2026-27-RET-09

कार्य का विवरणः काम्प्रिहेंसिव रिपेयर, कंडीशन मॉनीटरिंग एण्ड मेंटनेन्स ऑफ 1750LPM कंप्रेसर्स फॉर थ्री फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव ऑफ ई.एल.एस./सी.एन.बी., क्यू.टी.वाई. 110 नंबर्स।

अनुमानित मूल्य (रू.): ₹ 2,38,77,004.79 (रू. दो करोड़ अड़तीस लाख सतहत्तर हजार चार और उन्यासी पैसे मात्र)

बिड सिक्यूरिटी (रू.): ₹ 4,77,600.00 (रू. चार लाख सतहत्तर हजार छः सौ मात्र)

कार्य सम्पादन की अवधिः बारह महीने | **निविदा दस्तावेज की कीमत (रू.):** शून्य

निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 18.11.2026 & 15:30 hrs.

नोटः- (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुलने की तिथि और समय तक उपलब्ध है। (2) उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I. T. Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट शेड्यूल पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी डाक्युमेंट/फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (4) संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। (5) निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। (6) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **2430/26(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in